भारत सरकार
खान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2586
14 मार्च, 2016 को उत्तर के लिए

खनन उद्योग पर प्रभाव

2586. श्री नाना पटोलेः

क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या खनन उद्योग पर लौह अयस्क की कीमतों में भारी गिरावट और इसके निर्यात पर लगाए गए शुल्क से प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या गोवा राज्य के निम्न कोटि वाले लौह अयस्क से खनन उद्योग के और अधिक प्रभावित होने की संभावना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

खान एवं इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) : अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में लौह अयस्क की कीमतों में गिरावट के बावजूद देश में 2015-16 (जनवरी, 2016 तक) में लौह अयस्क के उत्पादन में, 2014-15 में इसी अवधि के दौरान रिकॉर्ड किए गए 105.8 मिलियन टन के उत्पादन की तुलना में बढ़कर 121.35 मिलियल टन हुआ । तथापि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोर आर्थिक मांग के कारण हाल के पिछले कुछ वर्षों में लौह अयस्क के निर्यात में गिरावट आई है ।

(ख) एवं (ग) : पणधारियों के साथ विचार-विमर्श के दौरान यह बात सामने आई कि गोवा में उत्पादित निम्न ग्रेड लौह अयस्क पर, घरेलू बाज़ार की कमी के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है । इस मुद्दे का समाधान करने के लिए सरकार ने पहले ही दिनांक 01.03.2016 से लौह अयस्क लम्पस और लौह अयस्क फाइन्स (58 प्रतिशत लौह मात्रा से कम) पर निर्यात शुल्क से पूरी तरह से छूट देकर उपाय किए हैं ।

*****